NT>

Title: Need to accord clearance to Vah and Sagad irrigation projects of Madhya Pradesh.

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में वाह और सगड़ नदियों पर बांध बनाने का काम 90 के दशक में प्रारंभ हो चुका था, लाखों रुपये खर्च किए जा चुके थे, बाद में केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग ने निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया। अब ये दोनों सिंचाई परियोजनाएं केन्द्र के वन एवं पर्यावरण विभाग के पास स्वीकृति के लिए वर्षों से लंबित पड़ी हैं। यदि ये दोनों बांध तथा रायसेन जिले की सेमरी जलाशय योजना बन जाए तो विदिशा एवं रायसेन जिले की हजारों हेक्टेयर जमीन में सिंचाई की जा सकेगी, किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, क्षेत्र में खुशहाली आएगी। अतः मेरा निवेदन है कि उक्त योजनाओं को तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए।